मुख्यमंत्री ने विधानमंडल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया

चर्चा में क्यों?

3 जनवरी, 2022 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 'कर्मयोद्धा राम नाईं', 'हृदय नारायण दीक्षित रचनावली'एवं विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विधानमंडल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित अन्य पुस्तकों का विमोचन किया।

प्रमुख बिंदु

- उन्होंने इसके पूर्व, विधानभवन के राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हॉल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ. बी.आर. अंबेडकर तथा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के तैल चित्रों का अनावरण किया तथा विधानमंडल प्रकाशन विक्रय केंद्र का लोकार्पण भी किया।
- ज्ञातव्य है कि विधानमंडल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में 5 मुख्यमंत्रियों के भाषण के संकलन पर आधारित पुस्तकों का विमोचन हुआ। इनमें उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा दिये गए भाषणों का संकलन- 'संकल्प और सञ्जल्प: उत्तर प्रदेश विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संवाद'सहित 'उत्तर प्रदेश विधान सभा में राजनाथ सिंह', 'उत्तर प्रदेश विधानसभा में कल्याण सिंह', 'उत्तर प्रदेश विधानसभा में राम प्रकाश'तथा 'उत्तर प्रदेश विधानसभा में चौधरी चरण सिंह के उद्बोधन' पुस्तकें सम्मिलित हैं।
- इसके साथ ही विधानमंडल पुस्तकालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में 'संविधान सभा में उत्तर प्रदेश से निर्वाचित सदस्यों के भाषण', 'उत्तर प्रदेश विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व एवं मंत्रिपरिषद में सहभागिता', 'उत्तर प्रदेश विधान सभा में संसदीय विशेषाधिकार', 'उत्तर प्रदेश के माननीय राज्यपालों के अभिभाषण', 'उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपवेशन और उनमें माननीय सदस्यों की उपस्थिति'पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक की आत्मकथा चरैवेति चरैवेति के विभिन्न संस्मरणों पर आधारित 'कर्मयोद्धा राम नाईक'पुस्तक का विमोचन किया गया है। चरैवेति चरैवेति पुस्तक का लगभग 11 भाषाओं में अनुवाद हुआ है। यह पुस्तक प्रत्येक व्यक्ति को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। कर्मयोद्धा राम नाईक पुस्तक पूर्व राज्यपाल राम नाईक की जीवंतता व सक्रियता के साथ उत्तर प्रदेश व समाज के प्रत्येक पहलू पर उनकी गहरी पैठ को व्यक्त करती है
- यहाँ विमोचित पुस्तकें विधानमंडल पुस्तकालय के लिये एक बड़ा संकलन होंगी, जिन्हें अलग-अलग पुस्तक के आकार के रूप में संजोया गया है। ये पुस्तकें पुस्तकालय की समृद्धि के साथ-साथ नये विधानसभा सदस्यों, राजनीति में रुचि रखने वालों, शोधार्थियों सहित सार्वजनिक जीवन में उत्तर प्रदेश से संबंधित सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों पर नज़र रखने वाले व्यक्तियों के लिये भी ज्ञानवर्धक होंगी।
- उन्होंने कहा कि यहाँ पर संविधान सभा में उत्तर प्रदेश से निर्वाचित सदस्यों के भाषण एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व एवं परिषद में उनकी सहभागिता से संबंधित पुस्तक का विमोचन हुआ है। यह पुस्तक रुचिकर व भावी पीढ़ी के लिये प्रेरणादायक होगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-released-the-books-published-by-the-legislature-library